## खबर संक्षेप

### चलते ट्रक में लगी आग, बाल बाल बचा ड्राइवर



**मैहर हरिभूमि न्यूज ।** केजेएस जीरो पॉइंट के पास चलते ट्रक में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि फायर ब्रिगेड पहुंचने से आग बुझ गई जिससे ड्राइवर बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि ट्रक प्लांट से सीमेंट लोड कर जा रहा था। तभी अचानक अज्ञात कारणों आग लग गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### 54 लीटर अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**मैहर हरिभूमि न्यूज ।** शराब तस्कर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 54 लीटर अवैध शराब जप्त की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हरदुआ तालाब वार्ड नंबर 4 मैहर में पीपल के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति प्लास्टिक की दो बोरियों में अवैध शराब बिक्री हेतू रखा है तस्दीक पर मुखबिर की सूचना सही पाए जाने पर पुलिस टीम के द्वारा आरोपी अमित चौरसिया पिता कमलेश चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला मैहर के कब्जे से 54 ली.अवैध शराब जप्त की गई एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी का नाम अमित उर्फ मकरा पिता कमलेश चौरसिया उम्र 23 वर्ष पता चौरसिया मोहल्ला बताया गया है।कार्यवाही में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी,प्रधान आर अनिल सिंह,राघवेंद्र सिंह,विपिन सोधिंया,जय बागरी,श्यामसुंदर कुशवाहा,हिमांश साकेत,कमलभान सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### डेल्हा हाई स्कूल के हायर सेकेंडरी में उन्नयन की मांग

**मैहर हरिभूमि न्यूज।** मैहर जिले के डेल्हा हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन की मांग को लेकर शिक्षक, सरपंच और जनप्रतिनिधियों ने मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर सरपंच अभिषेक जायसवाल के साथ शाला के प्राचार्य शरद कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य शिक्षक और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों ने बताया कि डेल्हा क्षेत्र के विद्यार्थियों को हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के लिए दूरस्थ स्कूलों का रुख करना पड़ता है,जिससे समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होती है। हायर सेकेंडरी का दर्जा मिलने से छात्रों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 31 मई तक

**सतना हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में सतना जिले में संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण,मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 मई से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 5.30 बजे से प्रातः 7.30 बजे तक रहेगा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण शिविर के लिए खेल मैदानों में खेला के प्रशिक्षण हेतु खेल संघों के पदाधिकारी,जिला खेल प्रशिक्षक,व्यायाम निदेशक,खेल समन्वयक,वरिष्ठ एवं सीनियर खिलाडियों की डयूटी लगाई है। साथ ही समस्त प्रशिक्षक नियमित रूप से उपस्थित होकर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण कार्य संपन्न करायेंगे। यह शिविर जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंड मुख्यालयों पर

---

हालत गंभीर, रीवा में चल रहा है इलाज, आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर, गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों की जगह-जगह तभी से जारी

# बेखौफ बदमाशः थाने में घुसकर मुंशी को मारी गोली



**सतना हरिभूमि न्यूज।** सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात जैतवारा थाने में घुसकर मुंशी को कट्टा से गोली मार देने की सनसनी खेज वारदात में पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दी है। घटना उस वक्त की बताई जा रही है जब मुंशी बैरक में आराम करने जा रहे थे। घटना के बाद आरोपी भागने में सफल हो गया। उधर गंभीर रूप से घायल प्रधान आरक्षक का रीवा में इलाज किया जा रहा है। आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम जगह-जगह छापामारी कर रहे हैं। इस बीच कई लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे आरोपी के बारे में पूछताछ की जा रही है। उक्त घटना रात लगभग 12:30 बजे की है। पुलिस शुक्ला के मुताबिक







जैतवारा थाना में एक नकाबपोश बदमाश ने बैरक में घुसकर हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग को गोली मार दी। बताया गया है कि बदमाश ने श्री गर्ग के सीने में उस समय गोली मार दी थी,जब वे सोने जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि इसके पहले विंध्य क्षेत्र के मऊगंज में पुलिस पर हमला किया गया था। उसके बाद जिले में पुलिस पर गोली चलाने की वारदात सामने आई है। आनन फानन में हेड कॉन्स्टेबल को जिला अस्पताल सतना लाया गया,जहां से उन्हें रीवा के मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। उनका उपचार जारी है।

### थाने के ऊपर बना है बैरक

जानकारी के मुताबिक जैतवारा थाने में स्थित बैरक में ही हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग रहते हैं। ड्यूटी के बाद वह फुरसत होकर सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक एक नकाबपोश युवक बैरक में दाखिल हुआ और बिना कुछ बोले कट्टे से फायर



कर दिया। गोली सीधे पुलिस कर्मी के कंधे (कॉलर बोन) में लगी। वारदात के बाद नकाबपोश हमलावर मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद घायल पुलिस कर्मी को उनके साथियों ने सतना जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में रीवा रेफर कर दिया गया। यहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रीवा एसपी विवेक सिंह समेत तमाम पुलिस अधिकारी घायल हेड कॉन्स्टेबल को देखने अस्पताल पहुंच गए।

### क्यों मारी गई गोली

सूत्र बताते हैं कि कुछ दिन पहले अच्छू की गाड़ी खड़ी करवाई गई थी,जिससे वह नाराज था और इसी रंजिश में उसने हमला किया हो सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है और जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

### मऊगंज के बाद सतना में पुलिस पर हमला

यह घटना न केवल पुलिस महकमे बल्कि आम जनता के बीच भी भय का माहौल पैदा कर रही है। जब थाने जैसे सुरक्षित परिसर में भी पुलिसकर्मी पर हमला हो सकता है तो आम नागरिक अपनी सुरक्षा को लेकर कैसे निश्चिंत रह सकते हैं? हाल ही में मऊगंज में भी पुलिस पार्टी पर हमला हुआ था जिससे कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### पुलिस बल की कमी,किसकी थी थाना पहरा की ड्यूटी ?

जैतवारा थाना इलाका छोटा नहीं है यहां भी अधिक अपराध घटित होते रहते हैं। थाने में पुलिस बल की भारी कमी है। बताया जाता है कि 12 से 14 लोगों की तैनाती है। जिस जगह पर यह घटना हुई है वहां थाना बैरक सब कुछ है। थाने में पहरा ड्यूटी किसकी थी उसने सुरक्षा की दृष्टि से गोली क्यों नहीं चलाई इस बात को लेकर भी चर्चा चल रही है।



### बाद में हुई बदमाश की पहचान

प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग के ऊपर गोली चलाने वाला युवक मुंह ढके हुए था। घायल प्रधान आरक्षक को शक है कि वह मेहुती निवासी अच्छू गौतम हो सकता है। पुलिस में जब छानबीन की और पता लगाया तो जिस पर शक था वहीं आरोपी निकला।

सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि एक आरोपी आता है और डायरेक्ट बैरक में घुसकर गोली मारकर चला जाता है।

### गोली चलाने वाले आरोपी अच्छू पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित

गोली चलाने वाले आरोपी पर 30000 रुपए का इनाम घोषित किया गया है जो व्यक्ति उसकी सूचना देगा उसे 30000 रुपए दिए जाएंगे और नाम पता बताने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। यह जानकारी मंगलवार की शाम पुलिस ने दी। आरोपी के विरुद्ध धारा 109(1) का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी आदर्श उर्फ अच्छू पिता विवेक शर्मा उम्र 20 साल निवासी ग्राम मेहती थाना कोटर जिला सतना हाल संतोषी बिहार कालोनी सतना थाना कोलगंवा इलाके में रहता है।आरोपी का हुलिया कद करीबन 05 फिट 06 इंच रंग गोरा इकहरा बदन,हल्की मुंछे बाल काले बड़े है।

---

# भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, सेवाभाव से आया

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** भारतीय जनता पार्टी की युवा नेता अनिल अग्रहरि शिवा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। मैं भारतीय जनता पार्टी में सेवा भाव से आया हूं और मैं जनता की पीड़ा को



जानता हूं। उन्होंने कहा कि सतना में व्यवस्था ठीक नहीं है। लोग परेशान हैं। कुछ लोग पता नहीं कि किस चश्मे से देखते हैं कि जिन्हें व्यवस्था ठीक लगती है। मैंने पहली बार देखा है कि नगर निगम का घटिया काम है अव्यवस्था है उस पर ना बोलकर लोग व्यक्तिगत पारिवारिक आरोप लगाकर ओछी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे दलबदलू नेता कहा गया, मान्यवर से पूछना चाहता हूं की चुनाव वह भी लड़े थे में लगभग 29000 वोट पाया था और उन्हें 1203 वोट मिले थे। आपको बता दे कि पिछले दिनों अनिल अग्रहरि शिवा ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके इशारों विचारों में महापौर पर काम ना करने और घटिया काम करने का आरोप लगाया था। उसके बाद युवा नेता शम्भू चरण दुबे ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा था कि शहर का विकास हो रहा है लेकिन लोगों को सब्र नहीं है उन्होंने यह भी कहा था कि कुछ लोग दूसरे के कंधे में बंदूक रखकर बात करते हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा था कि 25 साल से जो लोग राजनीति कर रहे हैं उन्होंने जिले के लिए क्या किया।

# बारिश के साथ गिरे ओले, बिजली गुल

### चने के आकार के ओले गिरे, तापमान भी लुढ़का







**सतना, हरिभूमि न्यूज ।** मंगलवार को एक बार फिर मौसम अचानक बदल गया। शाम 4 बजे तेज धूप के बीच घुप्प अंधेरा छा गया। इसके बाद गरज के साथ चना के आकार के ओले गिरने लगे। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई। जिले के रामपुर बघेलान में सबसे ज्यादा ओले गिरे। करीब आधे घंटे के बाद फिर से धूप निकल आई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हल्की बारिश और ओलावृष्टि के बाद धूप निकलने से वातावरण में उमस बढ़ सकती है। राजस्थान और उत्तरी-पश्चिमी मध्य प्रदेश में हवा में ऊपरी चक्रवात बनने से यह मौसमी बदलाव हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक इसी तरह का मौसम 5 मई तक बना रहेगा। इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। तेज हवाओं और बारिश के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। बिजली सप्लाई बहाल करने में मेंटेनेंस स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर करेंगे कार्यालयों और न्यायालयों का रोस्टर निरीक्षण

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शासकीय कार्यालयों एवं राजस्व न्यायालयों में रोस्टर निरीक्षण का मई माह का कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार 2 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील कार्यालय रघुराजनगर एवं थाना कोलगवां और अपर कलेक्टर द्वारा डीईओ ऑफिस एवं जनपद पंचायत सोहावल के कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा। इसी प्रकार 7 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मझगवां के कार्यालय और अपर कलेक्टर द्वारा उप संचालक कृषि एवं जनपद पंचायत मझगवां के कार्यालय,9 मई को कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी नागौद,तहसील कार्यालय और थाना सिंहपुर,अपर कलेक्टर जल संसाधन एवं जनपद पंचायत नागौद के कार्यालय,14 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी उचेहरा,तहसील कार्यालय उचेहरा,थाना उचेहरा तथा अपर कलेक्टर द्वारा पीएचई सतना और जनपद पंचायत उचेहरा का निरीक्षण किया जायेगा। इसी प्रकार 16 मई को कलेक्टर द्वारा रामपुर बघेलान के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय,तहसील कार्यालय तथा थाना और अपर कलेक्टर द्वारा एमपीईबी सतना एवं जनपद पंचायत रामपुर बघेलान,21 मई को कलेक्टर द्वारा कोटर के तहसील कार्यालय,नगर पंचायत कार्यालय एवं थाना तथा अपर कलेक्टर द्वारा पीडब्ल्यूडी कार्यालय सतना,23 मई को कलेक्टर द्वारा बिरसिंहपुर के तहसील कार्यालय नगर पंचायत कार्यालय एवं थाना सभापुर तथा अपर कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय सतना,28 मई को कलेक्टर द्वारा कोठी के तहसील कार्यालय,नगर पंचायत कार्यालय और थाना कोठी तथा अपर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ कार्यालय सतना,30 मई को कलेक्टर द्वारा मझगवां के तहसील कार्यालय,चित्रकूट के नगर पंचायत कार्यालय एवं थाना चित्रकूट तथा अपर कलेक्टर द्वारा शासकीय पी.जी.कॉलेज सतना के कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा।

### मई से 15 मई तक आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान

**विधानसभा वार नियुक्त हुए प्रभारी**

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** आम आदमी पार्टी सतना द्वारा आगामी 1 मई से 15 मई तक चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान की तैयारियां तेज़ी से शुरू कर दी गई हैं।जिला अध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल के निर्देशानुसार इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत आधार देने हेतु अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। और जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में सदस्यता अभियान हेतु विधानसभा वार प्रभारी बनाए गये हैं।

# कलेक्टर ने सुनी 104 आवेदकों की समस्यायें



**सतना हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 104 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 30 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 30 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देष दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नरवाई जलाने की घटना पर नागौद विकासखण्ड के 34 ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंचों को नोटिस

**सतना हरिभूमि न्यूज ।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। एसडीएम नागौद जितेन्द्र वर्मा के प्रतिवेदन के अनुसार सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए समुचित उपाय और जन जागरूकता करने की कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाने पर नागौद विकासखण्ड के 34 ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 12 मई को समक्ष में उपस्थित होकर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में जिला दण्डाधिकारी सतना द्वारा जारी निषेधाज्ञा के बावजूद नरवाई जलाने से रोकने हेतु पंचायत क्षेत्र में कोई पहल नहीं की गई और न ही किसानों को चिन्हित कर एस डी एम कार्यालय में किसी प्रकार की जानकारी दी गई है।इससे पदीय दायित्वों का निर्वहन न करते हुए और वरिष्ठ कार्यालयों के निर्देशों की अवहेलना प्रतीत हो रही है। सरपंच गणों को 12 मई को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत कार्यालय सतना में उपस्थित होकर समक्ष में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।जबाव के संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। इसी प्रकार 34 ग्राम पंचायतों के सचिवों को समक्ष में उपस्थित होकर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। संतोषप्रद जबाव नहीं होने या समय सीमा में जबाब नहीं देने की स्थिति में सचिवों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण सेवा अधिनियम 1998 एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के भाग 2 के तहत निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

**नरवाई जलाने पर कोटर तहसील में भी हुई एफआईआर**

पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। कोटर तहसील में 24 अप्रैल को नरवाई से आग लगने की घटना पर नंदलाल केवट के खलिहान में आग लगने से 30-35 बोरी गेहूं के जल जाने से लगभग 35 हजार का नुकसान होने पर फरियादी नंदलाल केवट ने इंदू प्रजापति मलगांव निवासी के विरूद्ध खेत में नरवाई जलाने पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप

### मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 2 मई को पन्ना आएंगे



**पन्ना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार, 2 मई को सुबह 7:30 बजे दमोह से कार द्वारा प्रस्थान कर 9:30 बजे पन्ना आएंगे। मंत्री श्री पटेल सतना बैरियर से किलकिला नदी उद्गम स्थल पहुंचेंगे एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रम में शामिल होकर सर्किट हाउस पन्ना आएंगे। इसके उपरांत 10:45 बजे ग्राम पंचायत इटवांखास के बन्दरखोह रवाना होंगे। यहां बाघिन नदी उद्गम स्थल में पूजन उपरांत पंच-सरपंच सम्मेलन में सहभागिता कर 11:55 बजे बिलखुरा पहुंचेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री बिलखुरा में नवीन अटल सुशासन भवन का निरीक्षण कर छतरपुर जिले के थाना चंदला अंतर्गत ग्राम दिवलीपुरवा प्रस्थान करेंगे।

### शासन संधारित मंदिरों की 10 एकड़ से अधिक संलग्न कृषि भूमि की लगेगी बोली

**पन्ना।** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले शासन संधारित मंदिरों की कृषि भूमि की नीलामी की कार्यवाही की जाना है। जारी निर्देशों के तहत 10 एकड़ से होने वाली आय का उपयोग पुजारी स्वयं के लिए कर सकेंगे तथा शेष कृषि भूमि के संबंध में जिला कलेक्टर को सूचित कर पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए कृषि प्रयोजन के लिए एक वर्ष के लिए भूमि की बोली लगाई जा सकेगी। इससे प्राप्त आय मंदिर के खाते में जमा कराई जाएगी। उक्त निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार न्यायालय सिमरिया द्वारा पांच मंदिरों की भूमि को बोली के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए कृषि कार्य हेतु ठेके पर दिया जाएगा। तहसील कार्यालय सिमरिया में आगामी एक मई को श्री रामजानकी मंदिर अम्हा स्थित भूमि ग्राम पगरी कुल भूमि किता 24 कुल रकवा 10.33 हेक्टेयर तथा श्री जगदीश स्वामी जू सिमरिया स्थित भूमि ग्राम टहनगा कुल भूमि किता 26 कुल रकवा 34.47 हेक्टेयर की बोली लगाई जाएगी। इसी तरह आगामी 5 मई को रामजानकी रमण जू बनौली स्थित भूमि ग्राम बनौली कुल भूमि किता 17 कुल रकवा 6.61 हेक्टेयर, श्री रामजानकी मंदिर झिराटा स्थित भूमि ग्राम गनयारी कुल भूमि किता 18 कुल रकवा 11.78 हेक्टेयर तथा श्री भुवनेश्वर नाथ अम्हा स्थित भूमि ग्राम हीरापुर कुल भूमि किता 28 कुल रकवा 11.88 हेक्टेयर की बोली लगाई जाएगी। बोली का समय सुबह 11 बजे से निर्धारित है। इच्छुकजन विस्तृत शर्तों और अधिक जानकारी के लिए सिमरिया तहसीलदार कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### 2 मई को मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत आगामी 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। शासन द्वारा जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या पूजन, दीप प्रज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अंतर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ''एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम'' अभियान में जनप्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौधरोपण भी किया जाएगा। साथ ही लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

## पूरे जिले के समस्त ब्राह्मण समाज के लोग होंगे शामिल

# आज निकलेगी भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा

**राम जानकी मंदिर में होगा प्रकटन महोत्सव**

**समस्त ब्राह्मण बंधुओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।





समस्त ब्राह्मण समाज पन्ना जिले के तथावधान में भगवान श्री परशुराम प्राकटोत्सव समारोह एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन अक्षय तृतीया के दिन 30 अप्रैल बुधवार को किया गया है जिसमें श्री रामजानकी मंदिर में भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ मूर्ति पूजा सुबह 8:00 से 11:00 तक की जाएगी और 12रू00 भगवान का प्राकटोत्सव समारोह आयोजित होगा, इस दौरान महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। सर्वे भवंतु सुखिंनाः,सर्वे संतु निरामया के भाव से भृगुकुल तीर्थ भगवान श्री परशुराम का प्राकटोत्सव विप्र समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है भगवान राम जानकी मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है इस दौरान विशेष हवन पूजन और प्रसाद वितरण किया जाएगा इस वर्ष के आयोजन में बड़ी संख्या में युवा शामिल हो रहे हैं उन्होंने शोभा यात्रा की वृहद तैयारी की है आयोजन समिति से जुड़े गोपाल मिश्रा, मनीष शर्मा, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी,अर्जुन मोना शर्मा, सौरभ पटेरिया, रवि तिवारी राजीव तिवारी रमन दीक्षित शिवम शर्मा निहाल द्विवेदी ने संयुक्त रूप से बताया कि पन्ना नगर के विप्र बंधुओ के साथ पूरे जिले की विप्र समाज के प्रमुख लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है 30 अप्रैल की सायं 4रू30 बजे शोभायात्रा श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार,बलदेव चौक,गांधी चौक कलेक्ट्रेट चौराहा से होते हुए राम जानकी मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। आयोजन समिति से जुड़े प्रमोद पाठक, मुरारी लाल थापक,कमलेश त्रिपाठी बबलू पाठक, दीपक तिवारी, मनीष मिश्रा,दिनेश गोस्वामी, अंकित शर्मा संतोष तिवारी, रवींद्र शुक्ला, रविंद्र द्विवेदी, रामकरण द्विवेदी, दिनेश दुबे, अनुराग मिश्रा, वेदांत मिश्रा, वेदांत पाठक ऋषभ अरजरिया, अर्चित मिश्रा सिद्धार्थ शर्मा,दिनेश दुबे, अज्जू गर्ग, कल्लू शुक्ला ने समस्त ब्राह्मणों से आयोजित समारोह में शामिल होने की अपील की है इससे पहले तैयारी को लेकर कई बार बैठक का आयोजन किया गया।

# विद्युत विभाग के फीडर सेपरेशन प्रोजेक्ट में कमजोर पोल एवं पतली कैबिल का हो रहा उपयोग

**गुनौर के रिछौड़ा फीडर में खेतों में बिना वोल्डार, कंक्रीट के ही खड़े कर दिए पोल**

गुनौर।



स्तंभ पॉवर कंपनी द्वारा विद्युत विभाग के फीडर सेपरेशन प्रॉजेक्ट का काम गुनौर क्षेत्र में चल रहा है जिसमें किसानों के लिए अलग से लाईन खड़ी की जा रही है जो किसानों को सिंचाई के लिए 10 घण्टे विद्युत उपलब्ध होगी। जिसमें ग्रामीणों का आरोप है की काम करने वाले ठेकेदार द्वारा मापदंडों से हट कर रिछौडा फीडर में गुनौर से डिघौरा के बीच पोल खड़े किए जा रहे हैं पोल में मापक तौर पर न बोल्डर ओर न स्टॉन प्लेट न ही कांक्रेटिंग की गई है। जिससे वारिष के दिनों में पोल झुकने व टूटने की समस्या बनी रहेगी जिस पर विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा है। स्तंभ पावर कंपनी के द्वारा पूरे जिले में विद्युत का काम किया जा रहा है जिसमे ठेकेदार पर कई जगह पूर्व में भी ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं और कामों में कमियां देखी गई है कई जगह केवल बदलने का काम भी हुआ है जिसमें घटिया एवं पतले तार से निर्मित केवल लगाई जा रही है जिस पर ग्रामीणों की आपत्ति के बाद कई गांव में काम बंद कर दिया गया है ग्रामीणों की मांग है की विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं इसी कारण ठेकेदार अपने मन मनमर्जी से काम कर रहा है ओर घटिया सामग्री का उपयोग कर काम में लीपा पोती करने की तैयारी में है समाचार पत्रों के माध्यम से कंपनी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने अपील की है कि विभाग इस पर संज्ञान लेते हुए तत्काल अच्छी क्वालिटी के पोल, कैबल का उपयोग कर फीडर सेपरेशन प्रोजेक्ट शुरू कराएं जिससे आने वाले समय में विद्युत की समस्या से निजात मिल सके।

## जल संकल्प हमारे कर्तव्यो को याद दिलाता है - ब्रजेन्द्र प्रताप सिह

# जन सहभागिता से होगा जल संरक्षण






हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

जल गंगा संवर्धन अभियान ग्राम पंचायत प्रतापपुर के गुठला में मान्नीय विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह एवं स्थानीय प्रतिनिधि शामिल रहे। अजयगढ़ में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सतीष नागवंशी जी के मागदर्शन में चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत प्रतापुपर में सरपंच श्रीमती पुष्पा सेन ने जल गांगा संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें स्वैच्छिक संगठन से समर्थन एवं जनअभियान परिषद के स्वयंसेवको ने सहयोग किया।समर्थन के कार्यकर्ता एवं पंचायत मित्रो ने रंगोली,जल कलश एवं जल संकल्प कराकर पानी बचाने, जीवन बचाने का संकल्प सभी उपस्थिति जनो से कराया। विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की यह अभियान संपूर्ण भारत में चलाया जा रहा है हम सब अपने पानी के स्त्रोत एवं जल कुड,कुआं नदी नाले नलकूप सभी का संरक्षण करे इसमें जनता की भागीदारी हो। सरकार बड़े कार्य करायेगी लेकिन ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल एवं साफ सफाई कराया पंचायत के कार्यक्षेत्र में आता है सरपंच एवं जनता की भागीदारी से हमारे पुराने परम्म्परागत जल संरचनायें सुरक्षित किया जाये ताकि जल गंगा संवर्धन अभियान सफल हो। विधायक जी ने कहा की समर्थन जनअभियान परिषद के कार्यकर्ता बूद बूद पानी को सहेजना का कार्य एवं पंचायत के कार्य में सहयोग कर रहे जो सराहनीय है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित यादव ने मनरेगा से होने वाले जल संरक्षण के कार्य की जानकारी उपस्थिति जनो को दिया। अजयगढ़ में सबको मिलकर पानी पर काम करने की आवश्यकता है विभाग एवं स्वैच्छिक संगठन मिलकर इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दे सकते है। कार्यक्रम का संचालन चतुरेस सेन ने किया एवं आभार प्रदर्शन समर्थन के ज्ञानेनद्र तिवारी ने किया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में निर्देश

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को अक्षय तृतीया पर जिले में बाल विवाह पर रोकथाम संबंधी निर्देश प्रसारित किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया पर वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह संपन्न होते हैं। इस दौरान विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की संभावना होती है। इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, जनपद पंचायत सीईओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी को ग्रामों में समूह चर्चा एवं रैलियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन, शपथ तथा कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी व संदेशों का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हेल्पलाइन नम्बर 181, 1098 एवं 100 तथा बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने संबंधी व्यवस्था के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिला कलेक्टर ने बाल विवाह रोकथाम अभियान में वैवाहिक कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों एवं समूह का सहयोग प्राप्त करने सहित समस्त पंच-सरपंच, सचिव को सामूहिक विवाह आयोजनों के दौरान सजग रहने, इसके लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला के आयोजन, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता की मदद से 18 वर्ष से कम आयु की अविवाहित किशोरियों की जानकारी एकत्र कर ऐसे परिवारों की विशेष निगरानी और उन्हें बाल विवाह न करने के संबंध में समझाईश देने के लिए भी कहा है।

**खण्ड एवं वार्ड स्तरीय दल का गठन**

जिला कलेक्टर द्वारा अक्षय तृतीया एवं आगामी तिथियों में बाल विवाह पर निगरानी और रोकथाम के लिए खण्ड एवं ग्राम व वार्ड स्तरीय दल का गठन भी किया गया है। दल द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं और 21 वर्ष से कम आयु के बालकों के विवाह की निगरानी की जाएगी। साथ ही बाल विवाह की स्थिति में उक्त दल इसे रोकने की कार्यवाही भी करेगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में गठित खण्ड स्तरीय दल में बतौर सदस्य एसडीओपी, थाना प्रभारी, जनपद पंचायत सीईओ, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को शामिल किया गया है। इसी तरह सरपंच की अध्यक्षता में गठित ग्राम एवं वार्ड स्तरीय दल में पंच, शिक्षक, पंचायत सचिव, एएनएम व आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह एवं शौर्या दल सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति तथा संकल्प समाजसेवी संस्था के प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया है।

# ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना में दक्षिण पन्ना ने चिन्हित किये 575 गिद्ध

पवई।



दक्षिण वन मंडल पन्ना में गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन की दृष्टिकोण से वन मंडल में स्थाई रूप से रहने वाले गिद्धों की संख्या के आकलन के लिए डीएफओ अनुपम शर्मा के निर्देशन में गिद्धों की गणना की गई ग्रीष्मकालीन गणना 29 अप्रैल को सभी वन पर क्षेत्र में संपन्न हुई। दक्षिण वन मंडल पन्ना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गिद्धों की गणना पवई, रेपुरा, मोहंदरा, कल्दा तथा सलेहा वन परीक्षेत्र में हुई जिसमें कुल चार प्रजातियों के 575 गिद्ध चिन्हित किए गए हैं जिसमें विशेष रूप से पवई वन परिक्षेत्र के अंतर्गत गिद्धों की विशेष आवास एवं बड़ी संख्या के लिए प्रदेश में पहचान प्राप्त करने वाले चार प्रजातियां जिसमें लॉन्ग बिल्ड, व्हाइट बैक्ड, इन जिप्सन, एवं रेड हेडेड गिद्ध इनकी संख्या 483 दर्ज की गई परिक्षेत्र अधिकारी पवई नितेश पटेल ने बताया कि इस क्षेत्र में जो तीन प्रजातियों ग्रीष्मकाल मैं प्रवास पर आती है उसमें प्रमुख रूप से हिमालयन, यूरेशियन, तथा सिनेरियस है जो निश्चित समय पर भ्रमण कर वापस चली जाती आता इन प्रजातियों के गिद्ध देखने को नहीं मिले वन मंडल में चल रहे लगातार संरक्षण के उपाय से गिद्धों की संख्या में विगत वर्षों की तुलना में अच्छी वृद्धि देखने को मिली है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज धार जिले से करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में सिंगल क्लिक से राशि वितरित करेंगे। इससे पन्ना जिले के हितग्राही भी बड़ी संख्या में लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपए एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपए प्रदान किए जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपए एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर एक लाख रूपए तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपए प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में जहां एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपए दिए जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। नीति आयोग की पहल पर गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारंभ किया गया है एवं इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है, जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। प्रदेश सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनायें संचालित की जाती हैं। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, अब वे भी 5 लाख रूपए वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया निरंतर जारी है।

## सब्जी उत्पादन से बढ़ी कृषक वीरेन्द्र की आय



**पन्ना।** नगर के वार्ड क्रमांक 25 निवासी कृषक वीरेन्द्र बढ़ई उद्यानिकी फसलों का उत्पादन कर बढ़िया आय अर्जित कर रहे हैं। 61 साल के वीरेन्द्र ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ड्रिप एवं मल्चिंग योजना का लाभ प्राप्त कर 2.5 एकड़ भूमि पर सब्जी उत्पादन प्रारंभ किया और नवीन तकनीक एवं नवाचार के जरिए कार्य में सफलता प्राप्त की। कृषक वीरेन्द्र कम पानी के वाबजूद प्याज, पत्ता गोभी, लौकी, टमाटर, करेला, बैंगन, कद्दू और खीरा इत्यादि का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में विक्रय कर रहे हैं। उचित तरीके से पैदावार वाली गुणवत्तायुक्त सब्जी की निरंतर मांग होने से केवल सब्जी उत्पादन से ही 2 से 2.5 लाख रूपए वार्षिक आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है।

## इको सीमेंट कंपनी के विरोध में गौरा ग्राम सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, कंपनी की नीतियों का जताया विरोध



अमानगंज।

अमानगंज तहसील क्षेत्र के गौरा ग्राम सहितसहित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा एकत्रित होकर अमानगंज तहसील कार्यालय पहुंचकर अमानगंज तहसीलदार को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया की महेवा में स्थापित होने वाली एक सीमेंट कंपनी के हेड ऑफिस द्वारा जगह खरीदी करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमें धारा 247 का नोटिस भी किसानों को भेजा गया है और भूमि अधिग्रहण करने की बात कही जा रही है मगर किसानों की सहमति अभी ईको सीमेंट कंपनी के लिए नहीं बनी है जिसमें किसानों का उचित मुआवजा सहित अन्य विषय शामिल है ग्रामीणों की मांग है कि ईको सीमेंट कंपनी को इस जगह पर स्थापित नहीं किया जाए।

## खबर संक्षेप

### आठ लोगों को मिलेगी 4.65 लाख रुपए की सहायता राशि

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 8 लोगों को बेहतर उपचार के लिए एवं 2 अन्य लोगों को आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 4.65 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही श्याम सुंदर सोनी पिता कैलाश प्रसाद सोनी निवासी वार्ड नं 25 बेनी गंज को 50 हजार रुपए, मास्टर खिलन पटेल पिता प्रेमचंद पटेल नि. बगाई नदया छतरपुर को 40 हजार रुपए, भगवतदीन कुशवाहा पिता किशोरा नि. कानिया बीजों पोहारपुरवा को 45 हजार रुपए, दीप शिखा पाठक पिता रामबाबू पाठक नि. वार्ड नं 11 नौगांव को 50 हजार रुपए, जयेंद्र सिंह परिहार पिता अर्जुन सिंह परिहार नि. वार्ड नं 1 ग्राम बंछौरा को 65 हजार रुपए, राकेश बसोर पिता मन्नालाल बसोर नि. वार्ड नं 24 बकायन मार्ग को 45 हजार रुपए, घनश्याम बुनकर पिता ननगे बुनकर नि. नरवा मोहल्ला अलीपुर को 35 हजार रुपए, गिरजाबाई पति विंद्रावन नि. ग्राम गंज को 1 लाख रुपए एवं दो अन्य शिववती पाठक पति लक्ष्मीप्रसाद पाठक नि. ग्राम मुरैया अटरार बिजावर को 10 हजार रुपए एवं विनीता जैन पति नरेंद्र कुमार जैन नि. वार्ड नं.11 बड़ामलहरा जिला छतरपुर को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

### एसडीएम लवकुशनगर ने तालाबों में हितग्राही मूलक कार्यों का किया निरीक्षण



**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्य किए जा रहे है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में एसडीएम राकेश शुक्ला द्वारा जनपद लवकुशनगर अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। जिसमें सार्वजनिक परकुलेशन तालाब एवं हितग्राही मूलक कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत देवनगर में परकुलेशन खेत तालाब का निर्माण और सार्वजनिक तालाबों का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस दौरान जनपद सीईओ हरीश केशरवानी, तहसीलदार अनिल श्रीवास्तव एवं सुप्रिया बागरी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मौका स्थल पर मजदूरों से चर्चा की गई। साथ ही तालाब के उपयोग और उसके लाभ के बारे में भी बताया गया। इस दौरान प्रगतिरत परकुलेशन तालाब में 46 मजदूर मौके पर पाए गए तथा सभी के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। यह कार्य पर्यावरण, रोजगार और किसानों के लिए बेहतर परिणाम दायक है।

### उधारी के पैसे वापिस मांगने पर किया जानलेवा हमला

**गढ़ीमलहरा हरिभूमि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बारी में उधार दिए गए पैसे वापिस मांगने पर एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोपी, पीड़ित को लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि वह अपने खेत से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में छोटे राजा परमार ने उस पर हमला कर दिया। छोटे राजा ने पत्थर से उसके सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुष्पेंद्र ने बताया कि छोटे राजा ने उससे 50,000 रुपये उधार लिए थे, जो लंबे समय से नहीं लौटाए। जब उसने पैसे मांगे तो छोटे राजा ने गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद पुष्पेंद्र बेहोश हो गया था, परिजनों को वह गांव के सरकारी स्कूल के पास लहूलुहान हालत में मिला। परिजन उसे गढ़ीमलहरा थाने ले गए, जहां उसने शिकायत दर्ज कराई गई।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने स्कूली बच्चों के साथ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# गंज स्कूल के पास से शराब दुकान हटाने की मांग

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज।** बमीठा क्षेत्र के ग्राम गंज में स्कूल के समीप से शराब की दुकान हटाने और क्षेत्र में हो रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर स्कूली बच्चों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद सिंह नेमंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा।

गोविंद सिंह ने बताया कि क्षेत्र के हर गांव में दो-दो स्थानों पर खुलेआम शराब बिक्री हो रही है, जिससे युवा वर्ग बर्बादी की कगार पर है। उन्होंने गंज स्कूल के पास संचालित शराब ठेके को तत्काल हटाने और शराब टेंडर निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा




कि पिछली जनसुनवाई में दिए गए आवेदन के बाद आबकारी विभाग की टीम ने स्कूल और सड़क से दुकान की दूरी नापी, लेकिन दुकान अब तक नहीं हटाई गई। इस मुद्दे पर गोविंद सिंह और आबकारी इंस्पेक्टर जितेंद्र शर्मा के बीच बहसबाजी भी हुई। जितेन्द्र शर्मा का कहना था कि दुकान हटाना उनका काम नहीं है, उनका काम केवल जांच करना है, जो उन्होंने पूरा कर लिया है। ज्ञापन में स्कूल के आसपास शराब की दुकान के कारण बच्चों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को रेखांकित करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट और हवाई फायरिंग



### दो नामजद सहित 4 के खिलाफ मामला दर्ज

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड पर दो पक्षों के बीच आपसी विवाद के चलते मारपीट और हवाई फायरिंग की घटना सामने आई है। पीड़ित पक्ष ने 10 लोगों पर मारपीट और तोडफ़ोड़ का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस ने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़ित विनय तिवारी निवासी छतरपुर ने बताया कि वह सटई रोड पर पेट्रोल पंप के ऑफिस में अपने साथी अमर पटेल के साथ बैठा था तभी निखिल शिवहरे एक स्कॉर्पियो कार में 10 लोगों के साथ आया। उनके पास लाइसेंसी राइफल और अवैध कट्टा था। निखिल ने कट्टे से हवाई फायर किए और डंडों से मारपीट की। विनय को हाथ में चोट आई है। उसने बताया कि आरोपियों से कोई पुरानी रंजिश नहीं है, लेकिन वे स्वयं को बाहुबली मानते हैं। विनय ने आरोपियों के हथियारों का लाइसेंस निरस्त करने और कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि विनय और अमर पटेल के साथ चार लोगों ने मारपीट और हवाई फायरिंग की है। निखिल शिवहरे, कैलाश कुशवाहा सहित दो अन्य पर मामला दर्ज किया गया है। राइफल का लाइसेंस निखिल के पिता के नाम पर है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि विवाद की वजह दोनों पक्षों के बीच जिम में हुई कहासुनी है। पुलिस, सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित हुआ छतरपुर जिला

### नलकूपों के खनन पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज ।** छतरपुर जिले में इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने के कारण जल स्त्रोतों में पानी की कमी प्रतीत हुई है। जलाशय एवं हैण्डपंप में पानी का गिरता जल स्तर देख कर यह आवश्यक हो गया है कि, जल स्त्रोतो के जल का उपयोग नियमित किया जाए। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा (3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए एतद द्वारा जल प्रदाय सुरक्षित रख कर अबाध रखने हेतु छतरपुर जिले को अगली बरसात आने तक अथवा अन्य आदेश तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम लागू हो जाने से कोई भी व्यक्ति पेयजल स्त्रोत का उपयोग सिंचाई साधन एवं व्यावसायिक उपयोग में बिना कलेक्टर की अनुमति से नहीं करेगा। जल स्त्रोत हैंडपंप अथवा ट्यूब वैल से 200 मीटर परिधि में अन्य हैंडपंप अथवा ट्यूब वैल का उत्खनन नहीं करेगा एवं किसी भी निस्तारी तालाब के पानी का उपयोग सिंचाई एवं व्यावसायिक कार्य हेतु नहीं होगा। शासकीय विभागों द्वारा खनित नलकूपों को छोड़कर शेष सभी प्रकार के नलकूपों का खनन प्रतिबंधित रहेगा एवं विशेष परिस्थितियों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की लिखित अनुमति के पश्चात ही नलकूप खनन किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।



## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सप्त दिवसीय भागवत कथा



**चंदला हरिभूमि न्यूज।** कस्बे के चंदला-अजयगढ़ मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध सिद्धनाथ बाबा धाम में विष्णु पुराण और श्रीमद् भागवत कथा के सप्त दिवसीय आयोजन की शुरुआत मंगलवार को नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। आयोजन के तहत हर प्रसाद पटेल के निज निवास से शुरू हुई कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष पीले वस्त्र धारण कर, सिर पर कलश रखे, डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए शामिल हुए। यात्रा नगर की गलियों से होती हुई सिद्धनाथ धाम पहुंची। वृंदावन धाम से पधारी साध्वी समाहित दीदी के मुखारबिंदु से 30 अप्रैल से 6 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से भक्तगण कथा का आनंद ले सकेंगे। 6 मई को पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने की अपील की है।

## अपराधियों का बढ़ रहा साहस, अवैध पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार



**छतरपुर हरिभूमि न्यूज।** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। पहले जहां अवैध कट्टों का इस्तेमाल अपराध के लिए होता था, वहीं अब अपराधी अवैध पिस्टल का उपयोग करने लगे हैं। ताजा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने एक आरोपी को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि, उन्हें राजनगर रोड पुल के नीचे खड़े एक संदिग्ध की जानकारी मिली थी। मौके पर गई टीम ने उसकी तलाशी ली तासे उसके पास से अवैध पिस्टल बरामद हुई। आरोपी की पहचान अज्जू उर्फ अजय श्रीवास पिता पप्पू श्रीवास निवासी बीड़ी कॉलोनी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अवैध हथियार कहां से प्राप्त किया गया और इसका उपयोग किस अपराध के लिए किया जाना था।

## डीए एरियर्स का भुगतान कराने की उठाई मांग



**छतरपुरहरिभूमि न्यूज।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मंगलवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ईशानगर किरण कौशिक को ज्ञापन सौंपकर ईशानगर में कार्यरत सभी कर्मचारियों के डीए एरियर्स की शेष किश्तों का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। संघ के जिला सचिव विपिन दीक्षित ने बताया कि मप्र शासन ने अक्टूबर 2024 में शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 4 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 50 प्रतिशत किया था। इसके एरियर्स का भुगतान चार समान किश्तों में सितंबर 2024, जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 में करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, ईशानगर विकासखंड के कर्मचारियों को अंतिम दो किश्तों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ, जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। संघ ने बीईओ से डीए एरियर्स की राशि शीघ्र भुगतान कराने का अनुरोध किया। बीईओ किरण कौशिक ने आश्वासन दिया कि तीन-चार दिनों में राशि कर्मचारियों के खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि मप्र राज्य कर्मचारी संघ कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है और जिले में किसी भी कर्मचारी की जायज समस्या को प्राथमिकता से उठाकर निराकरण कराएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के विभाग प्रमुख अशोक पटैरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र हिंगवासिया, कार्यकारी अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार निगम और कोषाध्यक्ष स्वतंत्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## फरार अपराधियों के खिलाफ पुलिस चला रही अभियान




### 14 से 22 साल पुराने मामलों में आधा दर्जन इनामी गिरफ्तार

**छतरपुर हरिभूमि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिले में वर्षों से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान रंग ला रहा है। इस अभियान के तहत 14 से 22 साल पुराने हत्या के प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी और विस्फोटक अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में 54 हजार रुपये के 6 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस लंबित आपराधिक मामलों के निराकरण में भी तेजी से काम कर रही है।पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमीठा थाना पुलिस ने 14 साल पुराने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के मामले में 10,000 रुपये के इनामी फरार आरोपी गोपी यादव, पिता बाबूलाल यादव, निवासी खरगापुर, जिला टीकमगढ़ को गिरफ्तार किया है। साथ ही, 22 साल पुराने डकैती और दुष्कर्म के प्रकरण का भी निराकरण किया गया है। इसी तरह गौरिहार थाना पुलिस ने 17 साल पुराने चोरी के मामले में 10 हजार रुपये के इनामी फरार आरोपी राजू अहिरवार, पिता झंडू अहिरवार, निवासी इचौली, जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया है। गढ़ीमलहरा पुलिस ने 17 साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में 4 हजार रुपये के इनामी आरोपी जानकी कुर्मी को ग्राम डुमरा से पकड़ा है। ओरछा रोड थाना पुलिस ने 20 हजार रुपये के इनामी शहीदुल उर्फ लादेन को जिला पन्ना से गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी 20 और 21 साल पुराने चोरी के मामलों में की गई। नौगांव पुलिस ने 17 साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में 10 हजार रुपये के इनामी सुघर सिंह खंगार को ग्राम जराखर, जिला हमीरपुर से गिरफ्तार किया है।

## सीएम राइज मॉडल स्कूल में हुआ स्टेप बैक मनन कार्यशाला का आयोजन

**राजनगर हरिभूमि न्यूज।** राजनगर के सीएम राइज शासकीय मॉडल स्कूल में मंगलवार को सभा कक्ष में प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया की अध्यक्षता में 'स्टेप बैक मनन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के समस्त शिक्षकीय स्टाफ ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ढाई घंटे की इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण कला, कौशल, शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों और लक्ष्य निर्धारण पर चर्चा की गई। स्कूल लीडर्स जे.के. खलको और प्रमोद कुमार तिवारी ने गतिविधियों का विवेचन किया, जबकि प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया ने मार्गदर्शक प्रस्तावना दी। कार्यशाला का संचालन शैक्षणिक व्यवस्था प्रभारी अनुभा नामदेव और अकादमिक प्रभारी नवीन कुमार पटेल ने किया। समापन सत्र में शिक्षकों की शैक्षिक समस्याओं का निराकरण और प्राचार्य के उद्बोधन के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। सभी शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## 100 साल पुरानी बावड़ी का बदला स्वरूप



### साफ-सफाई, रंगाई-पुताई के साथ हुआ पौधरोपण

**छतरपुर, हरिभूमि न्यूज।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवद्र्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 30 मार्च 2025 से प्रारंभ होकर 30 जून 2025 तक चलेगा। यह अभियान पूरे प्रदेश में समस्त जिलों, नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, ग्राम पंचायतों स्तर पर प्रमुखता से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कुंए, तालाब, बाबडी, डैम एवं अन्य जल स्त्रोतों का पुनर्विकास कराया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ-साथ पूर्व में मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों के आस-पास पौधे रोपण का कार्य एवं रंगाई-पुताई का कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। समाज की सहभागिता के लिए जल संरक्षण जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार नगर परिषद बिजावर के वार्ड नं 13 में स्थित मंदिर श्री लक्ष्मी नारायण अंतर्गत स्थित बाबडी को एक नया स्वरूप दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मंदिर में स्थित 100 साल पुरानी राजा महाराजाओं के समय की बनी बाबडी की साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई एवं उसके आस-पास पौधा रोपण कर एक अलग स्वरूप दिया गया। इस कार्यक्रम में बिजावर एसडीएम विजय कुमार द्विवेदी, सीएमओ संतोष सैनी, नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, नगर परिषद के समस्त कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### बरहो संस्कार में डांस को लेकर हुआ विवाद में चाकू से हमला

**रीवा।** मैहर जिले के अमरपाटन में डीजे की धुन में डांस करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया घायल युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के संबंध में घायल विशाल साकेत के पिता लालू साकेत निवासी अमरपाटन ने जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोस में बरहो का कार्यक्रम था इसी दौरान कुछ लोगों का विवाद डीजे में डांस करने को लेकर हो गया। लल्लू ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में विवाद कर रहे थे इसी दौरान वहां से गुजर रहे विशाल को आरोपियों ने चाकू मार दिया। बताया गया है कि विशाल का इस विवाद से कोई लेना.देना नहीं थाए इसके बावजूद भी आरोपियों ने उसे चाकू मार दिया। जिसे तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है वहीं पुलिस ने घटना की सूचना के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन 5 मई तक

**रीवा ।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। शासन द्वारा गेंहू उपार्जन के लिए 5 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने उपार्जन की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पंजीकृत किसान 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक करके निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू दे सकते हैं। स्लॉट बुक करने की सुविधा 30 अप्रैल के बाद उपलब्ध नहीं होगी। जो किसान समर्थन मूल्य पर गेंहू देना चाहते हैं वे 30 अप्रैल तक स्लॉट अवश्य बुक करा लें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि समीप आने से खरीदी केन्द्रों में बड़ी संख्या में किसान आ सकते हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेंहू का तत्काल उठाव कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने तत्काल उपलब्ध करा दें। गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेंहू की स्टैगिंग कराएं जिससे अतिरिक्त स्थान उपलब्ध हो सके। जिन गोदामों में धान का भण्डारण है वहाँ से मिलर्स को मिलिंग के लिए धान का उठाव कराएं जिससे गेंहू का भुगतान किया जा सके। खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेंहू की गुणवत्ता की कड़ी निगरानी रखें। कलेक्टर ने जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक को किसानों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिला महाप्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम गोदामों में भण्डारण के लिए गेंहू के पहुंचते ही तत्काल बिल जनरेट करें जिससे किसानों को भुगतान में किसी तरह की देरी न हो। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आईजी ने डायल 100 में फीडबैक देने वाले थाना प्रभारियों को दिया प्रशस्ति पत्र

**रीवा ।** रीवा जोन में डायल 100 के इंटीग्रेटेड पोर्टल पर शत प्रतिशत ईवेट फीडबैक अपलोड करने वाले थाना प्रभारियों को आईजी गौरव राजपूत ने सोमवार को कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डायल 100 आम लोगों की मदद के लिए शुरू की गई है। पिछले कुछ समय में डायल 100 ने काफी बेहतर काम किया है। हमें इस व्यवस्था को और बेहतर ढंग से संचालित करना है।इनको मिला पुरस्कार रीवा जिले के गोविंदगढ़ थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस गौरव पाण्डेय, निरीक्षक आशीष मिश्रा, निरीक्षक गजेन्द्र धाकड, निरीक्षक विकास कपीस, निरीक्षक जयप्रकाश पटेल, उपनिरीक्षक मनीषा उपाध्याय, विजय सिंह, घनश्याम सिंह, ऋषभ सिंह, अरविंद राठौर, प्रवीण उपाध्याय, महेन्द्र मित्रा, अंकिता मिश्रा, शैल यादव, मऊगंज जिले से उपनिरीक्षक गोविंद तिवारी, मैहर जिले से निरीक्षक अनिमेश द्विवेदी, निरीक्षक रेनू मिश्रा, निरीक्षक टीकाराम कुर्मी, सीधी से निरीक्षक सुधांशु तिवारी, निरीक्षक राकेश वैश्य, निरीक्षक राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक दीपक बघेल, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र वैश्य, उपनिरीक्षक पवन सिंह।

## एक के बाद एक थानों में पहुंची शिकायतें चिटफंड कंपनी ने बनाया शिकार

# रोजगार के नाम पर बेरोजगार छात्र छात्राओं के साथ ठगी

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

जिले में बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर ठगी करने वाली फर्जी कंपनियों का नेटवर्क दिन-ब-दिन फैलता जा रहा है। ताजा मामला अमहिया थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां 'टेक गुरु अकादमी' नामक एक संस्था पर दर्जनों छात्रों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्र-छात्राओं ने संबंधित थाने में लिखित शिकायत दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों के अनुसार, यह संस्था खुद को एक प्रशिक्षित कंप्यूटर संस्थान बताकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से संपर्क करती है। शुरुआत में युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ पक्की नौकरी देने का वादा किया जाता है। इसके एवज में 10 से 15 हजार रुपए की राशि जमा करवाई जाती है। लेकिन प्रशिक्षण के कुछ समय बाद संस्था की असली मंशा सामने आती है, संस्था युवाओं से कहती है कि अब उन्हें अन्य लोगों को जोड़कर कमीशन कमाने का मौका मिलेगा। यानी असल उद्देश्य रोजगार नहीं, बल्कि बहुस्तरीय नेटवर्किंग के जरिए पैसे वसूलना है। अमहिया थाना




पहुंचे पीड़ित छात्रों ने बताया कि जैसे ही उन्होंने ने पुलिस से शिकायत की जिसके बाद संस्था के संचालक अजय पांडे को पुलिस द्वारा फोन किया गया, उसी समय ऑफिस को बंद कर सभी कर्मचारी मौके से फरार हो गए। छात्रा ने बताया कि कार्यालय पीटीएस के पास स्थित एक निजी भवन में चल रहा था, जिसे अब ताला लगा दिया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार संचालकों के खिलाफ शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं, लेकिन उचित कार्रवाई के अभाव में यह गिरोह बार-बार सक्रिय हो जाता है।अमहिया और सिविल लाइन थाना क्षेत्रों में अब तक सौ से अधिक छात्र-छात्राएं सामने आ चुके हैं, जो इसी तरह की ठगी का शिकार हो चुके हैं। पीड़ितों में बड़ी संख्या ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं की है, जो नौकरी की आस में ठगी के जाल में फंस गए। दो महिला पीड़िताओं ने भी थाने में आकर बयान दर्ज कराए हैं।बॉक्स समान थाना क्षेत्र में भी हुई थी बड़ी कार्रवाईकुछ समय पहले समान थाना क्षेत्र में भी इसी प्रकार की एक चिटफंड कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। वहां भी युवाओं को नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की गई थी। पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन जमानत पर रिहा होने के बाद उसने दोबारा अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया।

## मृत व्यक्ति के नाम पर भूमि बिक्री करने वाले भूमाफियाओं पर मामला दर्ज

### फर्जी दस्तावेजों के सहारे हासिल कर लिया गया रतहरा की 30 एकड़ भूमि का मालिकाना हक, ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद दर्ज की एफआईआर

**रीवा।** रीवा जिले में करोड़ों की सरकारी और निजी जमीनों पर अवैध कब्जे व फर्जीवाड़े के मामलों के बीच एक सनसनीखेज घोटाला सामने आया है। मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी अभिलेख तैयार करने एवं धोखाधड़ी कर करोड़ों की भूमि बिक्री से संबंधित शहर के बहुचर्चित मामले में ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है, जिसमें एक मृतक के नाम पर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए 30 एकड़ जमीन का फर्जी मालिकाना हक दर्शाकर करीब 50 करोड़ रुपये की अवैध बिक्री कर दी गई। शिकायत के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के निवासी शिवाजी सिंह ने वर्ष 1972 में रीवा के रतहरा इलाके में 30 एकड़ कृषि भूमि क्रय की थी। वर्ष 2014 में उनकी मृत्यु हो चुकी थी, लेकिन उनकी मृत्यु के वर्षों बाद उनके नाम पर जाली दस्तावेज तैयार कर भू-माफियाओं ने जमीन को कई हिस्सों में बांटकर कई लोगों को बेच दिया, विगत कुछ समय पहले दो पक्षों ने इस मामले में अपना दावा प्रस्तुत किया था और जिला प्रशासन के सामने भी मामला पहुंचा था। इस प्रकरण में राजस्व विभाग, पंजीयन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जाहिर की जा रही है। उसे भी जांच के दायरे में रखा गया है। ईओडब्ल्यू की जांच में यह तथ्य सामने आया कि इस 30 एकड़ भूमि में से लगभग 5 एकड़ पहले ही बेची जा चुकी है और इससे आरोपी करीब 50 करोड़ रुपये की अवैध राशि प्राप्त कर चुके हैं। शिकायतकर्ता माण्डवी सिंह और शिवेन्द्र विक्रम सिंह ने जब ईओडब्ल्यू को लिखित में सूचना दी, तब जांच शुरू हुई। इनका कहना है कि उनके पिता शिवाजी सिंह की मृत्यु 11 जनवरी 2014 को हो गई थी। बावजूद इसके, दस्तावेजों में उनके नाम से रजिस्ट्री होती रही, और अधिकारीगण मौन बने रहे। उन्होंने बताया कि उनके पिता शिवाजी सिंह द्वारा ग्राम रतहरा तहसील हुजूर जिला रीवा में वर्ष 1972 में 30 एकड़ जमीन क्रय की थी। वर्ष 2014 में उनकी मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के बाद दिग्विजय सिंह पिता राम अवध सिंह निवासी ग्राम डिली गिरधर तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या ने अन्य लोगों के साथ षडयंत्र कर फर्जी अभिलेख तैयार कर भूमि विक्रय की जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद ईओडब्ल्यू ने पाया है कि शिकायतकर्ता के पिता शिवाजी सिंह निवासी डहियामई मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) द्वारा ग्राम रतहरा तहसील हुजूर) जिला रीवा में में 30 एकड़ भूमि को रजिस्ट्री के के माध्यम से 21 अप्रैल 1972 को क्रय किया था। शिकायतकर्ता के पिता शिवाजी सिंह की मृत्यु 11 जनवरी 2014 को हो चुकी है। मृत्यु के बाद रीवा निवासी राजेंद्र सिंह राज व अन्य लोगों ने मिलकर षडयंत्र पूर्वक भूमि हड़पने के लिए दिग्विजय सिंह द्वारा शिवाजी सिंह के नाम फर्जी दस्तावेज बनवाकर शिवाजी सिंह के नाम पर ग्राम रतहरा जिला रीवा स्थित 30 एकड़ भूमि का फर्जी मालिकाना प्राप्त कर वर्ष 2014 से 2024 तक कई व्यक्तियों को विक्रय किया गया है। शिकायत जांच में सही पाए जाने के बाद ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया है। बॉक्स अयोध्या और रीवा के षड्यंत्रकरियों के खिलाफ मामला दर्जप्राप्त जानकारी के अनुसार इस फर्जीवाड़े में उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के ग्राम डिली गिरधर निवासी दिग्विजय सिंह, रीवा जिले के गुढ़ चौराहा निवासी राजेन्द्र सिंह राज सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन सभी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (षड्यंत्र), 419 (छलपूर्वक स्व-रूपांतरण), 420 (धोखाधड़ी), 467 (जाली दस्तावेज बनाना), 468 (धोखाधड़ी हेतु कूटरचना) और 471 (जाली दस्तावेज का प्रयोग) के तहत आपराधिक मामला कायम किया गया है।बॉक्स जांच में कई और नाम आ सकते हैं सामने ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## जनसुनवाई में 71 आवेदकों ने दिये आवेदन, जामू में शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने बस्ती वासियों ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 71 आवेदकों की समस्यायें सुनीं। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान जामू ग्राम के गरीब बस्ती के सुधीर साकेत एवं अन्य ग्रामीणों ने शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आवेदन दिया जिसे तत्काल एसडीएम एवं पीएचई विभाग को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उमेश तिवारी पैपखरा के नरवाई से हुई पौधों की हानि का मुआवजा देने, टटिहरा निवासी बृजेन्द्र नाथ शुक्ला के सीमांकन कराने, कोलहा डगरदुआ निवासी रामसजीवन दुबे के आराजी के खसरे में अदला-बदली को ठीक करने के आवेदनों को मनगवां एसडीएम को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। राजेश शुक्ला मुड़ियारी निवासी के सीमांकन कराने के आवेदन पर एसडीएम सिरमौर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार रामकुमार सिंह पड़िया के अतिक्रमण हटाने के आदेश का पालन कराने, राजेश प्रसाद पाण्डेय पड़रिया के कम्प्यूटर खसरे की नकल दिलाने, हाजी मोहम्मद अब्बास अमहिया के अतिक्रमण हटाने के आवेदनों को एसडीएम हुजूर को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। रहट के मोहम्मद तौफीक ने कब्रिस्तान से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार हुजूर को एवं छिरेहटा निवासी रामशरण मिश्र के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर तहसीलदार गोविंदगढ़ को समाधानकारक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पतौता निवासी रामाश्रय चौरसिया के भूअर्जन का मुआवजा दिलाने तथा गुढ़ के रामशरण सोनी के खसरे में गलत प्रविष्टि को दुरूस्त करने के आवेदनों को गुढ़ एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। कोलहा के रामजीवन दुबे के हैण्डपंप सुधार के आवेदन को कार्यपालन यंत्री पीएचई को तथा रूपौली के हरिश्चन्द्र द्विवेदी के सीमांकन कराने के आवेदन को तहसीलदार जवा को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

## पानी को सहेजने के लिए गांव-गांव बनाए जा रहे रिचार्ज पिट और खेत तालाब



हरिभूमि न्यूज, रीवा।

रीवा और मऊगंज जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। दोनों जिलों में हैण्डपंपों, ट्यूबवेल तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाकर बारिश के पानी को धरती में सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह किसानों को प्रोत्साहित करके निजी जमीनों में बड़ी संख्या में खेत तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। खेत तालाब से किसान को एक ओर जहाँ फसल की सिंचाई के लिए पानी मिलेगा वहीं दूसरी ओर धरती माँ की कोख में भी पानी का संचय बढ़ेगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि रीवा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खजुहा में पाँच किसानों द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। सहायक यंत्री एवं उपयंत्री ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर किसानों को तकनीकी सलाह दी। रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत में ग्राम महसुआ में कुएं में रिचार्ज पिट बनाया जा रहा है। उपयंत्री ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसी तरह मऊगंज जिले के जनपद पंचायत हनुमना में ग्राम पांती मिश्रान तथा ग्राम पंचायत बलभद्र गढ़ में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत उकठा कंचनपुर में हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट का निर्माण तथा चेक डैम में सुधार का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री मनीषा मिश्रा और उपयंत्री प्रतिभा वर्मा द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। हनुमना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पटेहरा में भी अमृत सरोवर का निर्माण शुरू कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ जिले भर में जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और चित्रकला के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वसहायता समूह एवं जन अभियान परिषद द्वारा रैलियाँ निकालकर आमजनता को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विकासखण्ड नईगढ़ी तथा विकासखण्ड सिरमौर में महिलाओं ने जल संगोष्ठी करके एवं रैली निकालकर जन जागरूकता का संदेश दिया।

## मंदिर में असामाजिक तत्वों ने मूर्ति किया खंडित

### सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सदहना गांव की घटना, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सदहना गांव मे असामाजिक तत्वों द्वारा हनुमान मंदिर में तोड पोड़ कर मूर्ति को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जहां स्थानीय लोगों ने गांव के ही एक युवक पर मंदिर में रखी मूर्ति को खंडित करने का आरोप लगाया है। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दी गई हैए इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल मंदिर में तोड़ पोड़ कर मूर्ति को खंडित किए जाने का यह मामला सिरमौर तहसील के सदहना गांव की है जहां सोमवार सुबह गांव में स्थित हनुमान मंदिर में स्थानीय सामाजिक तत्वों ने न सिर्फ तोड?ोड़ कर मंदिर के समान को तितर बितर कर दिया बल्कि हनुमान जी की मूर्ति को भी खंडित कर दिया है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही एक युवक द्वारा मंदिर में रखी मूर्ति को खंडित किया गया है। बताया जाता है कि यह मंदिर काफी पुरानी



है जिससे क्षेत्र के लोगों की आस्था जुडी हुई है। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी सौरभ साकेत उर्फ छोटकईली के रूप में हुई है।

## जल चौपाल तथा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज, रीवा।

उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग गंगेव द्वारा ग्राम पंचायत बसेड़ा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल तथा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सूक्ष्म सिंचाई द्वारा पानी की बचत एवं उद्यानिकी फसलों में सूक्ष्म सिंचाई के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त उद्यान विकास अधिकारी एस एन शर्मा द्वारा उद्यानिकी की विभिन्न फसलों को अपनाने तथा फसल कृषि कार्य माला की जानकारी कृषकों को प्रदान की गई। प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्रद्धा मिश्रा द्वारा उद्यान विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। राहुल पाटीदार ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं कृषकों का पंजीयन किया गया। उन्नतशील कृषक शिवपाल सिंह के खेत पर ड्रैगन फ्रूट, प्याज की खेती के बारे में किसानों को अवगत कराया गया एवं कृषको का भ्रमण कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनगवां, बसेड़ा, गढ़ एवं सरई गांव के किसान उपस्थित रहे।

## बारातघरों में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं तो करें कार्रवाई

### नगर निगम आयुक्त ने सभी जोन के अधिकारियों को दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



शहर में संचालित बारातघरों में अब वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सोमवार को बैठक लेकर अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। साथ ही कहा है कि यदि कहीं पर नियमों के विपरीत संचालन पाया जाए तो संबंधित बारातघर को बंद करने की कार्रवाई करें। वार्ड 44 में महिला पार्क के स्टीमेंट एवं लेआउट बनाने एवं अमहिया थाने के पास अतिक्रमण से संबंधित शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। शहर में स्थित व्यावसायिक भवनों एवं दुकानों में पार्किंग की जगह में अगर दुकाने संचालित की जा रही है तो उन्हें ताकाल बंद कराया जाय साथ ही व्यावसायिक भवनों में पार्किंग की व्यवस्था बनाने के लिए भी निर्देशित किया। शहर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर शख्त कार्यवाही करने के साथ ही आयुक्त ने कहा कि किसी भी नाले के ऊपर अवैध निर्माण पाये जाने पर तत्काल हटाएं। आयुक्त ने कहर, ग्राउंड वाटर रिचार्ज के महत्व को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाओ । अजब कुंवरी बावड़ी के आस पास का अतिक्रमण हटाकर स्थल सुरक्षित किये जाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के साथ ही अन्य माध्यमों से आई सूचनाओं पर भी चर्चा की। कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, संतोष पाण्डेय, एसके गर्ग, एसएन द्विवेदी, पीएन शुक्ला, अम्बरीश सिंह, अभिनव चतुर्वेदी मुरारी कुमार, रावेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।